# केन्द्रीय परीक्षा समिति, बिहार

संख्या– 2/परी0–01(राज0)–08/2015(पार्ट–II)–

पटना, दिनांकः–

## शुद्धि– पत्र

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक– 1172 दिनांक 08.07.2016 द्वारा प्रकाशित राजपत्रित पदाधिकारियों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2013 के अल्पसंख्यक कल्याण सेवा के पदाधिकारियों के परीक्षाफल में तकनीकी कारणवश **"विकास"** विषय का परिणाम प्रकाशित नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि इस सेवा के पदाधिकारियों के लिए यह परीक्षा प्रथम बार आयोजित हुई है।

उक्त मामला संज्ञान में आने पर अन्य विषयों के साथ **"विकास"** विषय का परीक्षाफल भी प्रकाशित किया जा रहा है। अतएव पत्रांक– 1172 दिनांक 08.07.2016 से प्रकाशित अल्पसंख्यक कल्याण सेवा के पदाधिकारियों के परीक्षाफल को इस हद तक संशोधित समझा जाये।

2. बिहार लेखा सेवा के राजपत्रित पदाधिकारियों के लिए आयोजित द्वितीय अर्द्धवार्षिक विभागीय परीक्षा, 2013 के परीक्षाफल तैयार करने के क्रम में टेबुलेशन सीट में तकनीकी भूल हो जाने के कारण उक्त के आधार पर इस कार्यालय के पत्रांक– 1172 दिनांक– 08.07.16 लेखा सेवा के पदाधिकारियों के लिए प्रकाशित परीक्षाफल को निरस्त करते हुए संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित किया जा रहा है।

2. उपरोक्त दोनो सेवा के पदाधिकारियों के संशोधित परीक्षाफल राजस्व पर्षद के वेबसाईट **http://boardofrevenue.bih.nic.in** पर **download** कर प्राप्त किया जा सकता है।

3. अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

ह0/–

उप सचिव,

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः–2/परी0–01(राज0)–08/2015(पार्ट–II)–** 1182     पटना, दिनांकः– 12-07-2016

**प्रतिलिपिः–** प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना/ निदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), पटना/ प्रधान महालेखाकार, बिहार, पटना/ मुख्य लेखा नियंत्रक, बिहार, पटना एवं अवर सचिव/ प्रभारी पदाधिकारी, वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/7/16

उप सचिव,

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

12/7/16

D:\BOARD OF REVENUE\OFFICE DOCUMENT\Examination\File No. 2_Exam_01_Gaz_08_2015-.docx